उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक- 31.05.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये गये आवश्यक निर्देश।

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई की जा रही है।

जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 31.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित किये/कराये जाने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।













## मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु विशेष अभियान चलाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को चौपाल/पुलिस की पाठशाला लगाकर जागरूक किया जा रहा है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा के थानों में नियुक्त एण्टीरोमियो/शक्ति दीदी टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के ग्रामों में भ्रमण कर जनचौपाल का आयोजन कर महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत आज दिनांक 31.05.2024 को शक्ति दीदी (महिला बीट तथा महिला हेल्प डेस्क) के माध्यम से जनपद के थानों पर आउटरीच प्रोग्राम चलाकर अपने-अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत आबादी क्षेत्र, बाजारों, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, मेलों एवं गांव में पहुंचकर बालिकाओं/छात्राओं एवं महिलाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा

इस दौरान महिलाओ एवम् बालिकाओं को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा,नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) अभियान के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई और विभिन्न परिस्थियों पर उनके सहायतार्थ जारी हेल्प लाइन नम्बर-112, 108, 181, 1076, 1090,1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग की विस्तृत जानकारी दी गई । साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त त्वरित कार्यवाही की जायेगी




प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 31.05.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर टीम महोबा द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में भ्रमण कर अग्निशमन उपकरण को चेक किया गया तथा मॉकड्रिल कर अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग करने की विधि को बताया गया।

ग्रीष्मऋतु के दृष्टिगत अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर आज दिनांक 31.05.2024 को जनपद महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी श्री देवेश तिवारी के निकट पर्यवेक्षण में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद महोबा में अवस्थित होटलों इत्यादि का फायर ऑडिट किया गया एवं वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया वहाँ मौजूद स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया एवं संबंधित को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने एवं उन उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये, इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को मॉकड्रिल के माध्यम से बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।







प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 31.05.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 31.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस बल द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।









# पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों को पुष्पगुच्छ/मोमेन्टों प्रदान कर दी गई भावुक विदाई।

आज दिनांक 31.05.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा उ0प्र0 पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस लाइन अवस्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे की उपस्थिति में किया गया।

इस दौरान उ0प्र0 पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार व पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया एवं पुलिस सेवा में रहते हुये उनके द्वारा की गयी विभिन्न सराहनीय सेवाओं को याद करते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य, सुखमय जीवन व उनके उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनों के साथ भावुक विदाई दी गयी।

उक्त विदाई समारोह के अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक श्री शिवकुमार, वाचक पुलिस अधीक्षक श्री सन्तोष दुबे, पीआरओ पुलिस अधीक्षक श्री राकेश कुमार राय सहित सेवानिवृत्त हुये उ0नि0 एवं मुख्य आरक्षी के परिवारीजन भी मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों का विवरण...

**1.** उ0नि0 श्री रविन्द्रनाथ पाण्डेय **2.** मुख्य आरक्षी श्री अशोक कुमार



## प्रेसविज्ञप्ति - थाना पनवाड़ी, जनपद महोबा।

## जनपदीय स्वॉट एवं थाना पनवाड़ी की संयुक्त पुलिस टीम ने नकली नोटों के गोरखधंधे का किया पर्दाफाश, नकली नोटों के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 15 लाख रुपये से अधिक के नकली नोटों सहित नोट छापने का प्रिंटर, पेपर, इंक, 03 अदद मोबाइल व अपाचे बाइक बरामद-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस टीम द्वारा अपराधियों का चिन्हाकन कर उनके क्रियाकलापों पर पैनी नजर रखते हुए अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग एवं गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 30/31.05.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में गठित की गयी जनपदीय स्वॉट प्रभारी उ0नि0 रविकुमार सिंह एवं थाना पनवाड़ी प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में गठित संयुक्त पुलिस टीम ने थाना पनवाड़ी क्षेत्रअन्तर्गत एकता ढाबा के पास मुख्य सड़क मार्ग बहद ग्राम पनवाड़ी के पास से 01 नफर अभियुक्त 1.अंकुर कुमार बिन्द पुत्र रामकृत उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम हाटा थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर को हिरासत में लिया। इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से कब्जे से 15 लाख रुपये से अधिक के नकली नोटों सहित नोट छापने का प्रिंटर, पेपर, इंक, 03 अदद मोबाइल व अपाचे बाइक को बरामद किया गया है, गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त अंकुर कुमार बिन्द उपरोक्त के विरूद्ध थाना पनवाड़ी में मु0अ0सं0 123/2024 धारा 420/489**A**/489**B**/489**C**/489**D**/489**E** भादवि का अभियोग पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

**गिरफ्तार अभियुक्त एवं पंजीकृत अपराध विवरण-**

अभियुक्त अंकुर कुमार बिन्द पुत्र रामकृत उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम हाटा थाना मुहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर थाना पनवाड़ी में पंजीकृत मु0अ0सं0 123/2024 धारा 420/489**A**/489**B**/489**C**/489**D**/489**E** भादवि।



**बरामदगी -**

कूट रचित भारतीय जाली मुद्रा 15 लाख 61 हजार 800/- रुपये ( 500 रूपये के 983 नोट व 200 रूपये के 4506 नोट व 100 रूपये के 1691 नोट) व तीन अदद मोबाइल फोन व एक अदद टी0वी0एस0 अपाचे मोटर साइकिल व 6200 रूपया भारतीय मुद्रा ( 200 रूपये 11 नोट व 100 रूयपे के 40 नोट) व 01 अदद कलर प्रिंटर **EPSON** कम्पनी व 04 अदद खाली स्याही के बाटल व 3 अदद कैंची व 1 अदद रोल सेलो टेप व 52 पेज पर दोनों तरफ प्रिंट किये हुये 200 रूपये के नोट जिसमें प्रत्येक पेज पर 4 नोट प्रिंट है व 145 पेज पर दोनों तरफ प्रिंट किये हुये 100 के नोट जिसमें प्रत्येक पेज पर 4 नोट प्रिंट है व 21 पेज पर एक तरफ से प्रिंट 100 रूपये के नोट की प्रति व 8 पेज पर एक तरफ से प्रिंट 200 रूपये के नोट की प्रति व एक अदद नीले रंग का पिट्ठू बैग व नोट काटने के बाद बचे हुये कतरन।

ध्यातव्य है कि अभियुक्त अंकुर उपरोक्त काफी समय से महोबा लौड़ी तिगेला के पास किराये का मकान में रह रहा था और यूट्यूब के माध्यम से नकली नोट बनाना सीखकर कूटरचित भारतीय जाली नोट तैयार किया था जिसे मार्केट में खफत करने के लिये निकला था जिसे उक्त पुलिस टीम ने दौराने चेकिंग पकड़ लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर किराये के मकान से भी बरामदगी की गयी है।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम -**

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम का विवरण-

1. **SHO** पनवाड़ी श्री मनीष कुमार पाण्डेय
2. उ0नि0 संजय सिंह
3. कां. पवन कुमार
4. कां. प्रमोद कुमार
5. कां अंकित सिंह

स्वाट एवं सर्विलांश टीम का विवरण-

1. उ0नि0 रवि कुमार सिंह
2. उ0नि0 विवेक कुमार
3. हे0का0 भूपेन्द्र सिंह
4. का0 रंजीत
5. का0 निर्भय